Series : Z2YWX

SET ~ 3

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **58/2/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

नोट

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

NOTE

(I) Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(II) Please check that this question paper contains **34** questions.

(III) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(IV) **Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : 3 hours*

*अधिकतम अंक : 80*
*Maximum Marks : 80*

• • •

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** खण्डों में विभाजित है :*
*खण्ड-**क** : समष्टि अर्थशास्त्र*
*खण्ड-**ख** : भारतीय आर्थिक विकास*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** लघु-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **60** से **80** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र में **6** लघु-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **80** से **100** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **100** से **150** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vii)* *प्रत्येक प्रश्न के **सभी** भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए ।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए ।*

## खण्ड – क

## (समष्टि अर्थशास्त्र)

1. पहचान करें कि, किसी देश के राजस्व घाटे का अनुमान लगाते समय निम्नलिखित में से किस पर विचार **'नहीं'** किया जाना चाहिए । (सही विकल्प का चयन करें ।) **1**

(A) सरकार द्वारा भुगतान की गई मजदूरी व वेतन
(B) केन्द्रीय सरकार द्वारा किया गया ब्याज भुगतान
(C) प्रत्यक्ष कर संग्रह
(D) ऊपरीगामी पथ (flyover) के निर्माण पर व्यय

2. निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन करें । निम्नलिखित विकल्पों में से एक सही विकल्प का चयन करें : **1**

**अभिकथन (A) :** सार्वजनिक वस्तुओं के संदर्भ में किसी भी व्यक्ति को लाभ उठाने से वंचित नहीं किया जा सकता है ।

**कारण (R) :** सार्वजनिक वस्तुएँ गैर-प्रतिद्वंद्वात्मक व गैर-अपवर्जनीय प्रकृति की होती हैं ।

**विकल्प** :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है ।
(D) अभिकथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है ।

• • •

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

(i) *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *This question paper contains **two** sections :*
*Section – **A** : Macro Economics*
*Section – **B** : Indian Economic Development*

(iii) *This Question paper contains **20** Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

(iv) *This Question paper contains **4** Short Answer Type-I questions. Each question carries **3** marks. Answer these questions in **60** to **80** words.*

(v) *This Question paper contains **6** Short Answer Type-II questions. Each question carries **4** marks. Answer these questions in **80** to **100** words.*

(vi) *This Question paper contains **4** Long Answer Type Questions. Each question carries **6** marks. Answer these questions in **100** to **150** words.*

(vii) *Attempt **all** parts of a question together.*

(viii) *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

(ix) *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

## SECTION – A
## (Macro Economics)

1. Identify, which of the following is **<u>not</u>** to be considered while estimating Revenue Deficit of a country. (Choose the correct option) **1**
   (A) Wages and salaries paid by the government
   (B) Interest payments made by the Central Government
   (C) Direct Tax Collection
   (D) Expenditure incurred on construction of flyover

2. Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). Choose one of the correct options given below : **1**
   **Assertion (A) :** In case of public goods no one can be excluded from enjoying the benefits.
   **Reason (R) :** Public goods are non-rivalrous and non-excludable in nature.
   **Options :**
   (A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).
   (B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).
   (C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.
   (D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

• • •

3. मूल्य संवर्धन = _____ – मध्यवर्ती उपभोग का मूल्य । 1

(उपरोक्त सूत्र की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)

(i) घरेलू बिक्री

(ii) बिक्री – स्टॉक में परिवर्तन

(iii) उत्पादन का मूल्य

(iv) (उत्पादित इकाइयों की संख्या) × (मूल्य प्रति इकाई)

**विकल्प :**

(A) (i) व (ii)
(B) (ii) व (iii)
(C) (ii), (iii) व (iv)
(D) (iii) व (iv)

4. मान लीजिए, किसी अर्थव्यवस्था में, स्वायत्त उपभोग ₹ 100 करोड़ है तथा कुल उपभोग ₹ 130 करोड़ है । प्रेरित उपभोग का मूल्य ₹ _____ करोड़ होगा । (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।) 1

(A) 30
(B) 80
(C) 100
(D) 130

5. कीन्स के अर्थशास्त्र के अंतर्गत, _____ को मूल बिंदु से प्रारंभ कर 45° कोण पर खींचा जाता है । 1

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।)

(A) उपभोग वक्र
(B) समग्र माँग वक्र
(C) संदर्भ रेखा
(D) निवेश वक्र

6. भारतीय अर्थव्यवस्था में मौद्रिक नीति _____ द्वारा प्रतिपादित की जाती है ।

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।) 1

(A) केन्द्रीय सरकार
(B) राज्य सरकारों
(C) भारतीय रिज़र्व बैंक
(D) विश्व बैंक

7. आय के संतुलन स्तर के मूल्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्याक्षित _____ व प्रत्याक्षित _____ के मध्य समानता होनी चाहिए । (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें ।) 1

(i) समग्र माँग, समग्र पूर्ति

(ii) समग्र माँग, बचत

(iii) समग्र माँग, निवेश

(iv) बचत, निवेश

**विकल्प :**

(A) (i) व (ii)
(B) (i) व (iv)
(C) (ii) व (iii)
(D) (iii) व (iv)

• • •

3. Value Addition = _____ – Value of Intermediate Consumption. **1**

(Choose the correct option(s) to complete the stated formula.)

(i) Domestic sales

(ii) Sales – change in stock

(iii) Value of output

(iv) (Number of units produced) × (Price per unit)

**Options :**

(A) (i) and (ii)
(B) (ii) and (iii)
(C) (ii), (iii) and (iv)
(D) (iii) and (iv)

4. Suppose for an economy, autonomous consumption stands as ₹ 100 crore and total consumption is ₹ 130 crores. The value of induced consumption would be ₹ _____ crore. (Choose the correct option to fill up the blank) **1**

(A) 30
(B) 80
(C) 100
(D) 130

5. In the Keynesian Economics, _____ starts from the origin and is always drawn at an angle of 45°. (Choose the correct option to fill up the blank) **1**

(A) Consumption curve
(B) Aggregate demand curve
(C) Reference line
(D) Investment curve

6. The monetary policy is formulated by the _____ in the Indian economy.

(Choose the correct option to fill up the blank) **1**

(A) Central Government
(B) State Governments
(C) Reserve Bank of India
(D) World Bank

7. To arrive at the value of equilibrium level of income, there must exists an equality between ex-ante _____ and ex-ante _____.

(Choose the correct option to fill up the blank) **1**

(i) Aggregate Demand, Aggregate Supply

(ii) Aggregate Demand, Savings

(iii) Aggregate Demand, Investment

(iv) Savings, Investment

**Options :**

(A) (i) and (ii)
(B) (i) and (iv)
(C) (ii) and (iii)
(D) (iii) and (iv)

• • •

8. वह बजट जिसके अंतर्गत, सरकार अपने द्वारा एकत्रित राजस्व के बराबर राशि व्यय कर सकती है, उसे _____ बजट कहा जाता है । (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।) 1

(A) अधिशेष
(B) घाटा
(C) संतुलित
(D) अवस्फीतिकारी

9. निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन करें । निम्नलिखित विकल्पों में से एक सही विकल्प का चयन करें : 1

**अभिकथन (A)** : यदि सीमांत बचत प्रवृत्ति का मान 0.5 है, तो सीमांत उपभोग प्रवृत्ति, सीमांत बचत प्रवृत्ति के बराबर होगी ।

**कारण (R)** : सीमांत उपभोग प्रवृत्ति व सीमांत बचत प्रवृत्ति का योग सदैव इकाई के बराबर होता है ।

**विकल्प** :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है ।
(D) अभिकथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है ।

10. बैंकों के बैंकर के रूप में, भारतीय रिज़र्व बैंक _____ के अतिरिक्त सभी कार्य करता है । 1
(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।)

(A) जन साधारण की ओर से प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री
(B) वाणिज्यिक बैंकों के चालू खाता रखने
(C) अंतर्बैंकीय लेनदेनों का समाशोधन व भुगतान
(D) सरकारी लेनदेन को सुगम बनाने

11. (a) "सरकार प्राय: सामाजिक रूप से अवांछनीय उत्पादों जैसे सिगरेट, तम्बाकू, मदिरा आदि पर अधिक वस्तु व सेवा कर (GST) आरोपित करती है ।"
उपरोक्त कथन में इंगित सरकारी बजट उद्देश्य की पहचान व व्याख्या करें । 3

**अथवा**

(b) दो मित्र रमेश (एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर) व पीहू (एक बेकरी मालिक), कर भुगतान के माध्यम से राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में अपने-अपने योगदान पर चर्चा कर रहे हैं । रमेश प्रति वर्ष ₹ 8,00,000 कमाता है, जिसके कारण उसे आयकर देना पड़ता है । पीहू केक व पेस्ट्री की बिक्री पर वस्तु व सेवा कर (GST) एकत्रित करती है तथा उसका भुगतान करती है ।
दिए गए गद्य के आधार पर पहचान करें कि, रमेश प्रत्यक्ष कर अथवा अप्रत्यक्ष कर का भुगतान कर रहा है । दोनों कर प्रकारों के मध्य वैध अंतर की व्याख्या करें । 3

• • •

8. The budget under, which the government may spend an amount equal to the revenue it collects is referred as _____ Budget.
(Choose the correct option to fill up the blank) **1**
(A) Surplus (B) Deficit
(C) Balanced (D) Deflationary

9. Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). Choose one of the correct options given below : **1**
**Assertion (A) :** If the value of Marginal Propensity to Save is 0.5, Marginal Propensity to Consume will be equal to Marginal Propensity to Save.
**Reason (R) :** Sum of Marginal Propensity to Consume and Marginal Propensity to Save always equals to unity.
**Options :**
(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).
(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).
(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.
(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

10. As the Banker to the Bank, Reserve Bank of India performs all functions except _____. (Choose the correct option to fill up the blank) **1**
(A) Purchase and sale of securities on behalf of general public
(B) Maintaining current account for Commercial Banks
(C) Clearing and settlement of Interbank transactions
(D) Facilitating governmental transactions

11. (a) "The government generally levies higher Goods and Services Tax (GST) on socially undesirable products like cigarettes, tobacco, liquor etc."
Identify and explain the indicated government budget objective in the above statement. **3**

**OR**

(b) Two friends Ramesh (a software engineer) and Pihu (a bakery owner) are discussing their contribution to the nation's economy through tax payments. Ramesh earns ₹ 8,00,000 per year, which makes him liable to pay income tax. Pihu pays Goods and Service Tax (GST) on the sale of cakes and pastries.
On the basis of the given text, identify whether Ramesh is paying a direct tax or an indirect tax. Explain valid differences between two types of taxes. **3**

• • •

12. मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद को परिभाषित करें । यह किस प्रकार वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद से भिन्न है ? **3**

13. मान लीजिए कि, किसी अर्थव्यवस्था के लिए सरकार ₹ 2,000 करोड़ के वृद्धिशील निवेश के साथ द्रुतगामी मार्गों के निर्माण की दो परियोजनाओं का प्रस्ताव रखती है । मान लीजिए कि, आय में वृद्धि का 80% उपभोग पर व्यय किया जाता है ।

    उपरोक्त सूचना के आधार पर, निम्नलिखित का अनुमान लगाएँ :

    (a) आय में परिवर्तन ($\Delta Y$) **2**

    (b) उपभोग में परिवर्तन ($\Delta C$) **2**

14. (A) दिए गए चित्र के आधार पर, निर्दिष्ट समष्टिगत आर्थिक मुद्दे को नियंत्रित करने के लिए भारत सरकार द्वारा अपनाए जा सकने वाले कदमों की व्याख्या करें । **3**




    (B) 'खुली बाज़ार कार्यवाही' को परिभाषित करें । **1**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर हैं ।**

    (A) अर्थव्यवस्था में व्याप्त मुद्रास्फीति की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए, सरकार द्वारा अपनाये जा सकने वाले किसी एक राजकोषीय नीतिगत उपाय की व्याख्या करें । **3**

    (B) 'खुली बाज़ार कार्यवाई' को परिभाषित करें । **1**

15. (a) निम्नलिखित कथनों की मान्य तर्कों द्वारा पुष्टि करें :

    (i) किसी अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति स्टॉक चर का उदाहरण है । **2**

    (ii) केन्द्रीय बैंक सरकार को विभिन्न बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करता है । **2**

**अथवा**

    (b) किसी काल्पनिक अर्थव्यवस्था के लिए यह मानते हुए कि, केन्द्रीय बैंक आरक्षित अनुपात को 20% से बढ़ाकर 25% कर देता है तथा कुल प्राथमिक जमा राशि ₹ 1,000 है ।

    वाणिज्यिक बैंकों द्वारा साख सृजन पर आरक्षित अनुपात में वृद्धि के प्रभाव की व्याख्या करें । **4**

• • •

12. Define Nominal Gross Domestic Product. How is it different from Real Gross Domestic Product ? **3**

13. Suppose for an economy, government proposes two investment projects for construction of expressways with an additional investment of ₹ 2000 crore. Assuming, 80% of increase in income is spent on consumption.
Estimate the following on the basis of above information :
   (a) Change in income ($\Delta$Y). **2**
   (b) Change in consumption ($\Delta$C). **2**

14. (A) On the basis of the given image, explain the steps which may be taken by the Government of India to control the indicated macro-economic issue. **3**




   (B) Define 'Open Market Operations'. **1**

**Note : The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 14.**

   (A) Explain any one fiscal policy measure that can be taken up by the Government to control the situation of inflation prevailing in an economy. **3**
   (B) Define 'Open Market Operations'. **1**

15. (a) Justify the following statements with valid arguments :
      (i) Money supply in an economy is an example of a stock variable. **2**
      (ii) The Central Bank provides several Banking services to the government. **2**

**OR**

   (b) Assuming for a hypothetical economy, Central Bank increases the Reserve Ratio from 20% to 25% and the total primary deposits stand at ₹ 1,000.
   Explain the effect of rise in Reserve Ratio on credit creation by commercial banks. **4**

• • •

16. निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें :

भुगतान संतुलन (BoP) एक निश्चित समयावधि में किसी अर्थव्यवस्था के शेष विश्व के साथ आर्थिक लेन–देनों को व्यवस्थित रूप से सारांशित करता है ।

BoP को मुख्यत: दो खातों में वर्गीकृत किया जाता है :

- चालू खाता
- पूँजी खाता

चालू खाता किसी अर्थव्यवस्था व शेष विश्व के बीच वस्तुओं, सेवाओं, आय व अंतरण के हस्तांतरण को मापता है । चालू खाता दृश्य व अदृश्य खाते में भी विभाजित किया जाता है । दृश्य खाते में वस्तुओं के निर्यात व आयात से संबंधित लेन–देन सम्मिलित होते हैं ।

अदृश्य खाते में तीन व्यापक श्रेणियाँ हैं :

- गैर–कारक सेवाएँ जैसे यात्रा, परिवहन, बीमा आदि ।
- ऐसे अंतरण जिनमें विनिमय में कोई मूल्य सम्मिलित नहीं होता है ।
- आय जिसमें कर्मचारियों का पारिश्रमिक व निवेश आय शामिल है ।

पूँजी खाता शेष विश्व पर वित्तीय दावों में शुद्ध परिवर्तन को दर्शाता है । पूँजी खाते को मुख्यत: दो श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है :

- गैर–ऋण प्रवाह जैसे प्रत्यक्ष व पोर्टफोलियो निवेश
- ऋण प्रवाह जैसे बाह्य सहायता, वाणिज्यिक उधार, अनिवासी जमा आदि ।

दोनों खातों का योग समग्र शेष राशि को दर्शाता है, जो अधिशेष व घाटे में हो सकती है । समग्र शेष राशि में होने वाला परिवर्तन देश के अंतर्राष्ट्रीय भंडार में होने वाले परिवर्तनों में परिलक्षित होता है ।

Source : https : // mospi.gov.in/109-balance – payments
(adopted and modified)

उपरोक्त गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

(a) भुगतान संतुलन को परिभाषित करें । **1**

(b) भुगतान संतुलन के दोनों खातों के मध्य अंतर स्पष्ट करें । **3**

(c) भुगतान संतुलन के घाटे का अर्थ सूत्र सहित बताएँ । **2**

• • •

16. Read the following text carefully :

Balance of Payments (BoP) systematically summarise, the economic transactions of an economy with the rest of the world, over a given period of time.

The BoP can be broadly divided into two accounts namely :

- current account
- capital account

The current account measures the transfer of goods, services, income and transfers between an economy and rest of the world. The current account may be sub-divided into merchandise account and invisible account. Merchandise account consists of transactions related to export and import of goods.

In the invisible account, there are three broad categories :

- Non-factor services such as travel, transportation, insurance etc.
- Transfer which do not involve any value in exchange.
- Income which includes compensation of employees and investment income.

The capital account reflects the net changes in financial claims on rest of the world.

The capital account can be broadly broken up into two categories :

- Non-debt flows such as direct and portfolio investments.
- Debt flows such as external assistance, commercial borrowings, non-resident deposits etc.

The sum of the two accounts indicates the overall balance, which could be either be in surplus or deficit. The movement in overall balance is reflected in changes in international reserves of the country.

Source : https : // mospi.gov.in/109-balance – payments

(adopted and modified)

On the basis of the given text and common understanding, answer the following questions :

(a) Define Balance of Payments. **1**

(b) Differentiate between the two accounts of Balance of Payments. **3**

(c) Give the meaning of Balance of Payments deficit with formula. **2**

• • •

17. (a) (i) निम्नलिखित आँकड़ों के आधार पर, साधन लागत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद ($GNP_{FC}$) का अनुमान लगाएँ : 4

| क्रम संख्या | मदें | राशि (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| (1) | निजी अंतिम उपभोग व्यय | 2,000 |
| (2) | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 1,500 |
| (3) | सकल घरेलू स्थिर पूँजी निर्माण | 1,000 |
| (4) | स्टॉक में परिवर्तन (वृद्धि) | 400 |
| (5) | स्थायी पूँजी का उपभोग | 50 |
| (6) | विदेशों से प्राप्त निवल कारक आय | 100 |
| (7) | शुद्ध अप्रत्यक्ष कर | 200 |
| (8) | शुद्ध निर्यात | 700 |

(ii) धनात्मक बाह्यताओं व ऋणात्मक बाह्यताओं में अंतर स्पष्ट करें। 2

**अथवा**

(b) (i) गौहर ने हाल ही में, अपनी फैशन डिजाइनिंग की पढ़ाई पूरी की है तथा एक बुटीक प्रारंभ किया है। बिक्री के लिए कपड़े बनाने के लिए उसने एक सिलाई मशीन, कपड़ा, बटन व धागे क्रय किए हैं। ये सभी वस्तुएँ कपड़े बनाने के लिए आवश्यक हैं।

गौहर द्वारा क्रय किए गए सामान को अंतिम वस्तुओं व मध्यवर्ती वस्तुओं में वैध कारणों द्वारा वर्गीकृत करें। 4

(ii) "एक द्वि-क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में, राष्ट्रीय आय सदैव घरेलू आय से अधिक होती है।" मान्य तर्कों द्वारा उपरोक्त कथन का समर्थन अथवा खंडन करें। 2

• • •

17. (a) (i) On the basis of the data given below, estimate the value of Gross National Product at Factor Cost ($GNP_{FC}$) : **4**

| S. No. | Items | Amount (₹ in crore) |
|---|---|---|
| (1) | Private final consumption expenditure | 2,000 |
| (2) | Government final consumption expenditure | 1,500 |
| (3) | Gross domestic fixed capital formation | 1,000 |
| (4) | Addition to stock | 400 |
| (5) | Consumption of fixed capital | 50 |
| (6) | Net factor income from abroad | 100 |
| (7) | Net indirect Taxes | 200 |
| (8) | Net Exports | 700 |

(ii) Differentiate between positive externalities and negative externalities. **2**

**OR**

(b) (i) Gauhar, has recently completed her fashion designing studies and started a boutique. To produce dresses for sale, she purchased various materials, including a sewing machine, fabric, buttons and thread. These items are essential for producing the dresses.

Classify the material purchased by Gauhar as Final or Intermediate goods, giving valid reasons in support of the classifications. **4**

(ii) "In a two sector economy, National income is always more than Domestic income."

Defend or refute the given statement with reasons. **2**


• • •

## खण्ड – ख
## (भारतीय आर्थिक विकास)

18. हाल के वर्षों में, सभी वयस्कों को ______ योजना के अंतर्गत खाता खोलने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें।) 1

(A) जन-धन योजना
(B) जन-औषधि योजना
(C) जन-सूचना योजना
(D) जन-आरोग्य योजना

19. दिया गया चित्र 1990-92 के उपरांत, भारतीय अर्थव्यवस्था में ______ की समस्या को इंगित करता है। 1
(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें।)




**विकल्प :**

(A) कार्यबल का अनौपचारिकीकरण
(B) श्रमबल का अनियतीकरण
(C) रोज़गारहीन संवृद्धि
(D) कार्यबल का औपचारिकीकरण

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर है।**

ऐसी स्थिति जिसके अंतर्गत एक अर्थव्यवस्था बिना रोज़गार में वृद्धि के आर्थिक वृद्धि प्राप्त करती है, ______ कहलाती है। (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें।) 1

**विकल्प :**

(A) कार्यबल का अनौपचारिकीकरण
(B) श्रमबल का अनियतीकरण
(C) रोज़गारहीन संवृद्धि
(D) कार्यबल का औपचारिकीकरण

20. निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें : 1

**कथन 1** : माँग व पूर्ति के संबंध के उत्क्रमण के कारण, अपशिष्ट उत्पादन व प्रदूषण की पर्यावरणीय चिंताएँ गंभीर हो गई हैं।

**कथन 2** : पर्यावरणीय संकट तब उत्पन्न होता है, जब संसाधनों के निष्कर्षण की दर संसाधनों के पुनर्जनन की दर से कम होती है।

दिए गए कथन के आधार पर निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनें :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।
(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।
(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।
(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

• • •


## SECTION – B
## (Indian Economic Development)

18. In recent years, all the adults are encouraged to open bank accounts as a part of a scheme known as _____.

(Choose the correct option to fill up the blank) **1**

(A) Jan-Dhan Yojana (B) Jan-Aushadhi Yojana
(C) Jan-Soochna Yojana (D) Jan-Arogya Yojana

19. The given chart indicates the problem of _____ in the Indian Economy, post 1990-92. (Choose the correct option to fill up the blank) **1**




**Options :**

(A) Informalisation of Workforce (B) Casualisation of Workforce
(C) Jobless Growth (D) Formalisation of Workforce

**Note : The following question is for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 19.**

The situation under which an economy attains economic growth without corresponding rise in employment is known as _______.

(Fill up the blank with correct option) **1**

**Options :**

(A) Informalisation of Workforce (B) Casualisation of Workforce
(C) Jobless Growth (D) Formalisation of Workforce

20. Read the following statements carefully : **1**

**Statement 1 :** Environmental concerns of waste generation and pollution have become critical, due to reversal of demand and supply relationship.

**Statement 2 :** Environmental crisis happens, when the rate of resource extraction is less than that of regeneration of resource.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.
(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.
(C) Both statements 1 and 2 are true.
(D) Both statements 1 and 2 are false.

• • •

21. अपने खेत/व्यवसाय आदि का स्वतंत्र रूप से संचालन करने वाले व्यक्ति _______ कहलाते हैं । **1**

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें ।)

(A) कार्यरत कर्मचारी/भाड़े के श्रमिक (B) अनियत दिहाड़ी मजदूर

(C) नियमित वेतनभोगी कर्मचारी (D) स्व-नियोजित

22. कृषि विपणन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें कृषि वस्तुओं का _______ सम्मिलित होता है । **1**

(रिक्त स्थान की पूर्ति करने के लिए सही विकल्प का चयन करें ।)

(i) निजीकरण (ii) प्रसंस्करण

(iii) संयोजन (iv) ग्रेडिंग

**विकल्प :**

(A) (i) व (ii) (B) (ii) व (iii)

(C) (i), (ii) व (iii) (D) (ii), (iii) व (iv)

23. _______ इस विचार पर आधारित है कि, शिक्षा व स्वास्थ्य मानव कल्याण के अभिन्न अंग हैं । **1**

(रिक्त स्थान की पूर्ति करने के लिए सही विकल्प का चयन करें ।)

(A) मानव संसाधन (B) मानव विकास

(C) मानव पूँजी (D) आर्थिक विकास

24. कृषि का _____, स्व-उपभोग के बजाये खुले बाज़ार में बिक्री के लिए उत्पादित फसलों को संदर्भित करता है । **1**

(A) व्यावसायीकरण (B) विविधीकरण

(C) डिजिटाइजेशन (D) आधुनिकीकरण

25. निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें : **1**

**कथन 1** : 1978 में, कम्यून भूमि को खेती के लिये व्यक्तिगत गृहस्थों को छोटे-छोटे भूखंडों में विभाजित करके दिया गया था ।

**कथन 2** : कम्यून व्यवस्था के अंतर्गत, पेशेवरों को काम करने व सीखने के लिए ग्रामीण इलाकों से प्रेषित किया जाता था ।

दिए गए कथन के आधार पर निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनें :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है । (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है ।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं । (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं ।

26. उन विकल्पों का चयन करें, जो कि सूचना और प्रौद्योगिकी की भूमिका को उजागर करते हैं । **1**

(i) धारणीय विकास प्रदान करना

(ii) खाद्य सुरक्षा की प्राप्ति

(iii) उभरती प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी प्रसारित करना

**विकल्प :**

(A) मात्र (i) (B) मात्र (ii)

(C) (i) और (ii) (D) (i), (ii) और (iii)

• • •

21. _____ are the people who operate their own farms / enterprises.
(Choose the correct option to fill up the blank) **1**

(A) Hired Workers (B) Casual Wage Workers
(C) Regular Salaried Employees (D) Self-Employed

22. Agricultural marketing is a process that involves the _____ of agricultural commodities. (Choose the correct option to fill up the blank) **1**

(i) Privatisation (ii) Processing
(iii) Assembling (iv) Grading

**Options :**

(A) (i) and (ii) (B) (ii) and (iii)
(C) (i), (ii) and (iii) (D) (ii), (iii) and (iv)

23. _____ is based on the idea that education and health are integral to human well-being. (Choose the correct option to fill up the blank) **1**

(A) Human Resource (B) Human Development
(C) Human Capital (D) Economic Development

24. _____ of agriculture refers to production of crops for sale in the open market rather than for self consumption purpose. **1**

(A) Commercialisation (B) Diversification
(C) Digitisation (D) Modernisation

25. Read the following statements carefully : **1**

**Statement 1 :** In 1978, commune lands were divided into small plots to the individual households for cultivation.

**Statement 2 :** Under commune system, professionals were sent to work and learn from the country side.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.
(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.
(C) Both statements 1 and 2 are true.
(D) Both statements 1 and 2 are false.

26. Identify, the options that emphasize the role of information and technology. **1**

(i) Achieving sustainable development
(ii) Attainment of food security
(iii) Disseminates information regarding emerging technologies.

**Options :**

(A) Only (i) (B) Only (ii)
(C) (i) and (ii) (D) (i), (ii) and (iii)

• • •

27. निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) व कारण (R) का अध्ययन करें । निम्नलिखित विकल्पों में से एक सही विकल्प का चयन करें : **1**

**अभिकथन (A) :** भूमि सुधार के अंतर्गत, भारत सरकार द्वारा किसी व्यक्ति के स्वामित्व की न्यूनतम सीमा का आकार निर्धारित किया गया था ।

**कारण (R) :** भूमि सीमा निर्धारण का उद्देश्य भू–स्वामित्व को कुछ हाथों में केन्द्रित होने से रोकना था ।

**विकल्प** :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है ।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है ।

28. (a) मेध्या व दानिश दोनों के पास अपने खेत थे । मेध्या ने कुछ कृषि पाठ्यक्रमों में निवेश किया, आधुनिक कृषि की तकनीकें सीखीं व अपने मजदूरों को मृदा उर्वरता, मृदा प्रबंधन, कीट नियंत्रण आदि के सर्वोत्तम तरीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया ।

जबकि, दानिश ने उन्नत कृषि मशीनरी, सिंचाई प्रणाली व उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के क्रय पर भारी निवेश किया ।

क्या आप इस बात से सहमत हैं कि, दानिश ने मानव पूँजी में निवेश किया है ?

अपने उत्तर के समर्थन में मान्य कारण दें । **3**

**अथवा**

(b) "प्रतिषेधी आयुर्विज्ञान, चिकित्सीय आयुर्विज्ञान व सामाजिक आयुर्विज्ञान पर व्यय मानव पूँजी व आर्थिक विकास के निर्माण में उपयुक्त सहायता करता है ।"

क्या आप उपरोक्त कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में मान्य तर्क प्रस्तुत करें । **3**

29. चीन द्वारा अपनाई गई दोहरी मूल्य निर्धारण नीति का संक्षिप्त वर्णन करें । **3**

30. (a) "हाल के दिनों में विभिन्न योजनाओं व नीतियों के माध्यम से भारत सरकार ने प्रत्यक्ष/परोक्ष रूप से रोज़गार सृजन के लिए महत्त्वपूर्ण पहल की है ।"

मान्य तर्कों के साथ उपरोक्त कथन की पुष्टि करें । **4**

**अथवा**

(b) "भारत में ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित करने व आजीविका संवर्धन में सूक्ष्म साख (micro credit) कार्यक्रम अति उपयोगी रहे हैं ।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में वैध कारण प्रस्तुत करें । **4**

• • •

27. Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). Choose one of the correct options given below : **1**

**Assertion (A) :** Under the land reforms, Indian government fixed the minimum land size which could be owned by an individual.

**Reason (R) :** The purpose of land ceiling was to avoid the concentration of land ownership in a few hands.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

28. (a) Medhya and Danish both had their own farms. Medhya invested in a few agricultural courses, learnt modern farming techniques and trained her labourers on best practices related to soil fertility, crop management, pest control etc.

Whereas, Danish invested heavily in, by purchasing advanced farming machinery, irrigation systems and high quality seeds.

Do you agree that, Danish had made investment in human capital ? Give valid reason in support of your answer. **3**

**OR**

(b) "Expenditure on preventive medicine, curative medicine and social medicine helps in building human capital and economic development."

Do you agree with the given statement ? Give valid arguments in support of your answer. **3**

29. Briefly explain the dual pricing policy adopted by China. **3**

30. (a) "In the recent times through various schemes and policies, the Government of India has taken vital initiatives to generate employment directly / indirectly."

Justify the statement giving valid arguments. **4**

**OR**

(b) "Micro credit programmes have been very helpful in supporting rural development and improving livelihoods in India."

Do you agree with the given statement ? Give valid reasons in support of your answer. **4**

• • •

31. दिए गए आँकड़ों के आधार पर, भारत व चीन में कार्यबल के वितरण व उसके सकल मूल्य वर्धन की हिस्सेदारी की तुलना करें। **4**

**2018-2019 में रोजगार और GVA (%) का क्षेत्र अंश**

| क्षेत्र | GVA को योगदान | | | कार्यबल का वितरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | भारत | चीन | पाकिस्तान | भारत | चीन | पाकिस्तान |
| कृषि | 16 | 7 | 24 | 43 | 26 | 41 |
| उद्योग | 30 | 41 | 19 | 25 | 28 | 24 |
| सेवा | 54 | 52 | 57 | 32 | 46 | 35 |
| **कुल** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** |

**Source :** Human Development Report 2019 : Key Indicators of Asia and Pacific 2019.

32. ब्रिटिश शासन काल के दौरान, भारत के विदेशी व्यापार की दिशा व परिमाण की व्याख्या करें। **4**

33. (a) (i) "हरित क्रांति को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने उर्वरकों पर उपदान प्रदान किया था।"

इस प्रकार के उपदान के पक्ष में किन्हीं दो मान्य तर्कों की संक्षिप्त व्याख्या करें। **3**

(ii) "8 अक्टूबर, 2021 की एक खबर के अनुसार, भारत सरकार ने एयर इंडिया में अपनी 100% हिस्सेदारी की बिक्री कर दी। एयर इंडिया के मूल संस्थापक टाटा संस ने बोली जीतकर एयर लाइन को ₹ 18,000 करोड़ में क्रय किया।"

(1) भारत सरकार द्वारा उठाए इस कदम की पहचान करें। **1**

(2) सरकार द्वारा पहचाने गए कदम को क्रियान्वित करने के किन्हीं दो तरीकों का उल्लेख करें। **2**

**अथवा**

(b) (i) "1991 के उपरांत, विदेशी क्षेत्रक में सुधारों के कारण विदेशी मुद्रा प्रवाह के आगमन में वृद्धि हुई।"

उपरोक्त कथन की वैध तर्कों द्वारा पुष्टि करें। **3**

(ii) "योजना अवधि के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था में सशक्त भूमिका प्रदान की गई थी।"

भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदम के पीछे के तर्क को सत्यापित करें। **3**

• • •

31. On the basis of the given data, compare and analyse the Distribution of workforce and its contribution to Gross Value added in India and China. **4**

**Sectoral Share of Employment and GVA (%) in 2018-2019**

| **Sector** | **Contribution to GVA** | | | **Distribution of Workforce** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **India** | **China** | **Pakistan** | **India** | **China** | **Pakistan** |
| **Agriculture** | 16 | 7 | 24 | 43 | 26 | 41 |
| **Industry** | 30 | 41 | 19 | 25 | 28 | 24 |
| **Services** | 54 | 52 | 57 | 32 | 46 | 35 |
| **Total** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** |

Source : Human Development Report 2019 : Key Indicators of Asia and Pacific 2019.

32. Explain, the volume and direction of foreign trade during the British rule. **4**

33. (a) (i) "To promote green revolution, the Indian government provided fertilizer subsidies to the farmers."

Briefly explain any two arguments in favour of such subsidies. **3**

(ii) As per a news report dated, 8th Oct. 2021, the Government of India sold its entire 100% stake in Air India. Tata sons, the original founder of Air India won the bid and purchased the airline for ₹ 18,000 crore.

(1) Identify the step taken by the Government of India. **1**

(2) State any two ways in which identified step can be executed by the government. **2**

**OR**

(b) (i) "After 1991, reforms in external sector led to an increase in foreign exchange inflows."

Justify the given statement with valid argument. **3**

(ii) "During the planning period, public sector was given a dominant role in Indian Economy."

Justify the rationale behind this step taken by the Government of India. **3**

• • •

34. निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें :

जलवायु परिवर्तन व पर्यावरणीय वहनीयता दो ऐसे महत्त्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर ध्यान आकर्षित किया है । विगत वर्षों में, विश्व में प्रतिकूल जलवायु संबंधित घटनाओं में वृद्धि अनुभव की गई है । इसमें गंभीर अकाल, बादल फटना, बाढ़, भूस्खलन, घटते समुद्री तट, आर्कटिक बर्फ़ व हिमालय के ग्लेशियरों का खतरनाक रूप से पिघलना सम्मिलित हैं । जंगल में आग लगने की घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है । इस संदर्भ में, धारणीय कृषि एक महत्त्वपूर्ण समाधान के रूप में उभर कर आयी है । इससे तात्पर्य उन कृषि पद्धतियों से है, जो वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए भविष्य की पीढ़ियों के लिए संसाधनों को संरक्षित करती है । इसका अर्थ है कि, ऐसे उपाय अपनाना जो कि पर्यावरण की रक्षा करते हैं, रासायनिक कारकों पर निर्भरता कम करते हैं, जल व भूमि का कुशलतम प्रयोग करते हैं तथा कृषकों के लिए सामाजिक आर्थिक समानता सुनिश्चित करते हैं ।

एक तरफ धारणीय कृषि पद्धतियाँ आवश्यक हैं, दूसरी ओर इन्हें लागू करना पारंपरिक कृषि की तुलना में प्राय: अधिक महँगा होता है । जैविक कृषि, स्मार्ट जलवायु तकनीक, आधुनिक सिंचाई प्रणाली जैसी धारणीय प्रथाएँ प्रारंभ में महँगी लग सकती है, परन्तु वे उत्पादकता व पर्यावरण संरक्षण में सुधार करके दीर्घकालिक लाभ प्रदान करती है । सुलभ व किफायती वित्तीय विकल्पों के बिना कृषि प्रथाओं में आवश्यक परिवर्तन कई लोगों के लिए दूर का सपना ही बना रहेगा ।

इसलिए, धारणीय वित्त को न केवल पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को प्रोत्साहित करना, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि जरूरतमंद कृषकों को वित्तीय संसाधन उपलब्ध हो ।

**Source :** https://website.vbi.org.in/web/rbi/-/speches – interview/financing-for-sustainable-agriculture (adopted and modified)

उपरोक्त गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

(a) धारणीय विकास की परिभाषा दें । **1**

(b) "जलवायु समस्याओं के समाधान के लिए धारणीय कृषि महत्त्वपूर्ण रूप से उभर कर आयी है ।" क्या आप उपरोक्त कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में मान्य कारण प्रस्तुत करें । **3**

(c) पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अपनाई जा सकने वाली किन्हीं दो धारणीय प्रथाओं का उल्लेख करें । **2**

———————

• • •

34. Read the following text carefully :

Climate change and sustainability of environment are two pressing issues that have captured global attention. In recent years, the world has witnessed a surge in extreme weather events including severe droughts, cloud bursts, floods, land slides, receding coastlines and the alarming melting of arctic ice and Himalayan Glaciers. Wildfires have become more frequent and intense.

In this context, sustainable agriculture emerges as a crucial solution.

This refers to those farming practices that meet today's requirements while preserving resources for the future generation. This means adopting methods that protect the environment, reduce dependence on chemical inputs, efficiently using water and land and ensuring socio-economic equity for farmers.

On one hand sustainable agricultural practices are necessary, on the other, they are often more expensive to implement compared to conventional methods. Sustainable practices like organic farming, climate – smart technologies, modern irrigation system may seem costly upfront, but they offer long-term benefits by improving productivity, and environmental stewardship. Without accessible and affordable financing options, the much needed shift to sustainable farming practices will remain a distant dream for many.

Therefore, sustainable finance should not only promote eco-friendly practices but also ensure that financial resources are available to the farmers who need it.

Source : https://website.vbi.org.in/web/rbi/-/speches – interview/financing-for-sustainable-agriculture (adopted and modified)

On the basis of the given text and common understanding, answer the following questions :

(a) Define : Sustainable Development. **1**

(b) "Sustainable Agriculture emerges as a crucial solution to the environmental concerns."

Do you agree with the given statement ? Give valid reasons in support of your answer. **3**

(c) List any two sustainable practices that can be adopted to safeguard environment. **2**

---

• • •